an>

Title: Regarding kidnapping of a railway employee Aditya Prakash from Jhansi Station.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : मेरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र के उत्तर मध्य रेलवे झांसी डिवीजन के उरई स्टेशन पर कार्यरत आदित्य प्रकाश, सीनियर सैक्शन इंजीनियर, ट्रेनिंग लेने के लिए सिकंदराबाद गए थे, वहां से लौटने के बाद दिल्ली आए और दिल्ली से उरई ड्यूटी जाते हुए, झांसी जिले के करारी स्टेशन पर उनका अपहरण कर लिया गया। 12.05.2014 को उनका अपहरण हुआ, एक साल होने को है। नवाबाबाद, झांसी थाने में अपराध संख्या 143/2014 धारा 504, 506, 364 में मामला दर्ज किया गया। उनके अपहरण के बाद अपहरणकर्ताओं ने उनके घर में फोन किया, विभाग में फोन किया, कर्मचारियों से तीस लाख रुपए मांगे। कहा कि यदि आपको अपने अधिकारी को छुड़ाना है तो तीस लाख रुपए दे जाइए और आदित्य प्रकाश को छुड़ा ले जाइए। आदित्य प्रकाश एक दलित परिवार से हैं।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में अपहरण तेजी से बढ़ रहे हैं। उनके पिताजी हमारे पास आए, उनका परिवार आया, उनके छोटे बच्चे बिलख रहे हैं। निश्चित ही उनका अपहरण हुआ है इसलिए मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि शीघ्र ही सीबीआई जांच कराए और उनको छुड़ाने का प्रयास किया जाए।

माननीय सभापति : डॉ. उदित राज को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): माननीय सभापति जी, जिस विषय के वर्मा जी ने उठाया है, यह एक साल पुराना मामला है। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है कि सरकारी अधिकारी जो रेलवे में काम करता था, प्रशिक्षण से लौटने के बाद उनका अपहरण हुआ। हमें दो स्तर पर जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करेंगे, एक यह कि स्थानीय जिला स्तर पर मामला दर्ज हुआ जिसे राज्य सरकार देख रही है। दूसरा यह कि वह रेलवे कर्मचारी थे इसलिए रेलवे विभाग से भी जानना चाहेंगे कि आखिर स्थिति क्या है। इस प्रकार की घटना हुए एक साल हो गया है, वह गरीब परिवार से हैं, दलित परिवार से हैं तो निश्चित रूप से सरकार चिंतित होगी। हम इस बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करके माननीय सदस्य को बताने का प्रयास करेंगे।